<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>नगर तथा ग्राम निवेश विभाग अम्बिकापुर के सहायक संचालक एवं सहायक मानचित्रकार 35,000 रू0 रिश्वत लेते गिरफ्तार</u>

प्रार्थी मो0 वसीम बारी, ग्राम मोमिनपुरा, अम्बिकापुर के समधी ने वीरेन्द्रनगर, वाड्रफनगर स्थित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन (डायवर्सन) हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वाड्रफनगर के पास आवेदन किया था। इसी तारतम्य में उक्त आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय अम्बिकापुर में भेजा गया था। प्रार्थी अनापत्ति प्रमाण पत्र का पता करने नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय अम्बिकापुर गया था जहां सहायक संचालक बालकृष्ण चौहान एवं सहायक मानचित्रकार निलेश्वर कुमार ध्रुव द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र बनाने के एवज में 35,000 रूपये रिश्वत के रूप में मांग की गई। प्रार्थीगण रिश्वत नहीं देता चाहते थे, बल्कि रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहते थे। अतः एन्टी करप्शन ब्यूरो, अम्बिकापुर के कार्यालय में प्रार्थी मो0 वसीम बारी द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी। ब्यूरो द्वारा शिकायत के सत्यापन पश्चात आज दिनांक 17.05.2024 को टीम तैयार कर कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर में ट्रेप की कार्यवाही की गई। आरोपीद्वय सहायक संचालक बालकृष्ण चौहान एवं सहायक मानचित्रकार निलेश्वर कुमार ध्रुव को रिश्वती रकम 35,000 रूपये के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

बालकृष्ण चौहान, (सहायक संचालक)

निलेश्वर कुमार ध्रुव, (सहायक मानचित्रकार)